नवागत पुलिस कप्तान सड़क पर उतरे

# बिना हेलमेट वाहन चालकों को पहनाया हेलमेट

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 11 मई।** जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर नवागत पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। पदभार संभालने के बाद से ही उन्होंने यातायात नियमों के पालन को लेकर सख्त रवैया अपनाना शुरू कर दिया है।

इसी क्रम में वह खुद शहर के व्यस्त राजगढ़ चौराहे पर पहुंचे और वाहन चेकिंग अभियान की कमान संभाली। अचानक एसपी को सड़क पर देखकर वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति बन गई और कई लोग सतर्क नजर आए। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने दोपहिया और चार पहिया वाहनों की गहन जांच की। बिना हेलमेट वाहन चला रहे लोगों को रोककर पहले यातायात नियमों के महत्व के बारे में समझाया गया। इसके बाद कई वाहन चालकों को हेलमेट अपने हाथो से पहनाएं उन्होंने कहा कि हेलमेट केवल पुलिस चालान से बचने का माध्यम नहीं है, बल्कि सड़क हादसे के दौरान जीवन बचाने वाला सबसे जरूरी सुरक्षा कवच है।




उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वयं भी हेलमेट पहनें और अपने परिवार के सदस्यों को भी इसके लिए प्रेरित करें। अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। कई वाहन चालकों की मौके पर जांच की गई और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई।

उन्होंने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की जिंदगी के लिए भी बड़ा खतरा बन सकता है। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के दस्तावेज, नंबर प्लेट, सीट बेल्ट और अन्य सुरक्षा मानकों की भी जांच की। जिन वाहन चालकों के पास जरूरी दस्तावेज नहीं मिले, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस जवानों ने लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया और सड़क सुरक्षा से जुड़े संदेश दिए।

### निरीक्षण में गोराघाट स्टाफ सोते मिला

एसपी मयूर खंडेलवाल ने अपने ही थाने से उठाई फाइलें प्रदेश में पहली बार किसी एसपी द्वारा किया गया वास्तविक औचक निरीक्षण एसपी मयूर खंडेलवाल बिना किसी पूर्व सूचना के रात 11 बजे पहुंचे थे थाना गौराघाट। एसपी को औचक निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी सहित पुलिस कर्मी सोते हुए मिले। इसी दौरान एसपी खंडेलवाल थाने से महत्वपूर्ण रजिस्टर अपने साथ लेकर बाहर निकल गए। कुछ देर बाद एसपी ने दोबारा थाने पहुंचकर थाना प्रभारी और स्टाफको जगाया और कहा कि थाने में चोरी होने की सूचना मिली है, जाकर चेक करो क्या चोरी हुआ है। यह सुनते ही थाना स्टाफघबराहट में रिकॉर्ड और सामान चेक करने लगा। जांच के दौरान पता चला कि थाने से महत्वपूर्ण रजिस्टर गायब हैं, जिससे पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद एसपी मयूर खंडेलवाल ने स्वयं रजिस्टर वापस देते हुए थाना प्रभारी और स्टाफ को सख्त चेतावनी दी और भविष्य में ड्यूटी के दौरान लापरवाही दोबारा मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। एसपी मयूर खंडेलवाल की इस कार्यशैली को विभाग में अनुशासन और जिम्मेदारी का स्पष्ट संदेश माना जा रहा है।

# मां केवल एक शब्द नहीं वह जीवन की पहली धड़कन होती है : भावना राजे

**दतिया, 11 मई।** मां केवल एक शब्द नहीं वह जीवन की पहली धड़कन होती है जिस आँचल में संसार का हर दु:ख छोटा लगने लगे वहीं माँ ममत्व कहलाता है ऊँचे पद सम्मान और उपलब्धियाँ भी माँ के चरणों के आगे छोटी प्रतीत होती है। प्रथम गुरु मां के द्वारा दिए गए संस्कार जीवन भर काम आते उक्त बात मातृशक्ति दिवस पर राज परिवार की बेटी राजा परिणीता राजे द्वारा नारी शक्ति माताओं सम्मान समारोह का आयोजन हेरिटेज गार्डन में बोलते हुए मुख्य अतिथि के रूप में राजमाता भावना राजे ने कही। कार्यक्रम विशेष अतिथि के रूप में बेटी राजा परिणीता राजे ने कहा कि माँ का दुलार शब्दों से नहीं केवल ह्रदय से महसूस किया जाता है जिसके सिर पर माँ का हाथ हो उसका जीवन ईश्वर के आशीर्वाद से अलौकित हो जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता गायत्री मोर प्रथम महिला पत्रकार दतिया ने की इस अवसर पर जिले की उत्कृष्ट कार्य करने वाली माताओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साहित्य आदि लोग उपस्थित रहे।



## पुलिस ने आदतन अपराधी का जुलूस निकाला

**इन्दरगढ़ 11 मई।** इंदरगढ़ एवं थरेट पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में फरार आदतन अपराधी सागर यादव को गिरफ्तार कर नगर में जुलूश निकाला है।

उल्लेखनीय है कि 10 मई को लक्ष्मणपुरा से गिरफ्तार किया जाकर उसके कब्जे से एक 315 बोर का कट्टा, 6 जिंदा राउंड तथा 70 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त की गई थी ! सागर यादव पर थरेट इंदरगढ़ अतरेटा थानों में हत्या के प्रयास, लूट, बलात्कार तथा शराब तस्करी सहित 19 मामले मामले दर्ज है ! वह कई मामलों में फरार चल रहा था। पुलिस को मिली पिन पॉयन्ट सूचना पर उसे पकड़ा था, आज इंदरगढ़ एवं थरेट पुलिस ने इंदरगढ़ नगर में जुलूस निकाला गया। इस कार्रवाई में इंदरगढ़ थाना प्रभारी गौरव शर्मा, थाना प्रभारी थरेट अरविंद भदौरिया, की भूमिका रही है।



# पुरानी परंपराओं को सहेजना बहुत जरूरी : सिंह

**दतिया, 11 मई।** पुरानी परंपराओं को सहेजना बहुत जरूरी है, ग्राम बिल्हेटी में आयोजित कार्यक्रम के लिए आयोजन समिति धन्यवाद की पात्र हैं। यह विचार सेंवढ़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने ग्राम बिल्हेटी में जगदम्बा मंदिर पर आयोजित मेला का बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि जो देश अपनी प्राचीन परंपराओं,सभ्यता,संस्कृति और इतिहास को भूल जाता हैं वह नष्ट हो जाता है। हमें आने वाली पीढ़ी को भी अपनी पुरातन संस्कृति से परिचित कराना हैं और ऐसे आयोजन इस कार्य में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर माता प्रांगण में जबारों का प्रदर्शन, नृत्य, गायन हुआ तथा कवयित्री पूजा सिंह द्वारा माता के भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के आरंभ में मेला आयोजन समिति ने श्री सिंह का फूल मालाएं पहनाकर तिलक कर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत सम्मान किया।

# जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है : बनौरिया

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 11 मई।** थाना सेंवढ़ा पुलिस द्वारा ग्राम देभई में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को साइबर अपराध, नशा मुक्ति, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा सहित विभिन्न सामाजिक विषयों पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी सुनील बनोरिया ने कहा कि वर्तमान समय में जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है। लोगों को अनजान कॉल, फर्जी लिंक और लालच देने वाले संदेशों से सतर्क रहना चाहिए। कार्यक्रम में गांव के लगभग 100 से 150 ग्रामीणजन, युवा एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। जनसंवाद के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग, यातायात नियमों का पालन, आपसी विवादों का शांतिपूर्ण समाधान तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस और जनता की सहभागिता पर विस्तार से चर्चा की।

टीआई सुनील बनोरिया ने ग्रामीणों को समझाइश देते हुए कहा कि बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी या अन्य व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें। साइबर ठग लोगों को झांसे में लेने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं, इसलिए सतर्क रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने युवाओं से नशे और गलत



संगति से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों की ओर ध्यान दे, जिससे समाज और परिवार दोनों मजबूत होंगे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से उनकी समस्याओं और सुझावों पर भी चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को भरोसा दिलाया कि थाना सेंवढ़ा पुलिस क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। जनसंवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास, सहयोग और समन्वय को मजबूत करना रहा।



### विज्ञान के क्षेत्र में भारत निरंतर प्रगति कर रहा है : प्राचार्य

**दतिया, 11 मई।** विज्ञान के क्षेत्र में भारत निरंतर प्रगति कर रहा है जिसमें वैज्ञानिकों की विशिष्ट भूमिका है उक्त बात शासकीय पीजी कॉलेज दतिया में प्रौद्योगिकी दिवस पर बोलते हुए प्राचार्य जयश्री त्रिवेदी ने कही। इसके बाद वैज्ञानिक ज्ञान का व्यावहारिक तथा रचनात्मक अनुप्रयोग,, विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में,, व्याख्याता पूजा कौशल,, ने दैनिक जीवन में उपयोग पर विस्तापर से जानकारी दी। व्यख्याता राजेश नामदेव विज्ञान के संचार एवं तकनीकी क्षेत्र में अनुप्रयोग पर चर्चा की। उन्होंने युवाओं द्वारा कंप्यूटर तथा मोबाइल के दुरुपयोग को रोकने की आवश्यकता पर बल दिया। विभाग अध्यक्ष डॉ. एस.सी. कौशिक ने स्पेस टेक्नोलॉजी पर अपना व्याख्यान प्रो. डॉ. एस.आर. लाहौरिया प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन विभाग अध्यक्ष डॉ. कोक सिंह दादोरिया द्वारा किया गया एवं अतिथियों का आभार डॉ. एस.आर. लाहौरिया द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर प्रो. एस.के. पांडे, डॉ. रजनी सिंह, डॉ. नवीन मगरिया डॉ. अरविंद यादव, डॉ. रतिका रस्तोगी, अरविंद मिश्रा, डॉ. मुकेश निगम पूजा सेन तथा महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।



## अपेक्स बैंक अध्यक्ष यादव, साडा उपाध्यक्ष मेवाफरोश का किया स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 11 मई।** अपेक्स बैंक के अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव एवं विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण ग्वालियर साडा उपाध्यक्ष हरीश मेवाफरोश के प्रथम नगर भांडेर आगमन पर सहकारिता बैंक कर्मचारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

म.प्र. सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महासचिव रामकुमार दांगी उर्फ बाबूजी के नेतृत्व में भांडेर चौराहे पर सैकड़ों कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस दौरान रामकुमार दांगी ने महेंद्र सिंह यादव को दतिया जिले सहित प्रदेश के सहकारी बैंक कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया तथा उनके निराकरण को लेकर चर्चा की। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा नेताओं, सहकारिता बैंक कर्मचारियों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। कार्यक्रम पूरे उत्साह और संगठनात्मक एकजुटता के साथ आयोजित हुआ।

# भारत विकास परिषद का दायित्व ग्रहण सम्मान समारोह आयोजित

दतिया, 11 मई। होटल रतनमहल में भारत विकास परिषद शाखा दतिया द्वारा दायित्व ग्रहण, कार्यशाला एवं प्रतिभा-पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकारों एवं शासकीय सेवाओं में चयनित होकर जिले का नाम रोशन करने वाले युवाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक केदार सिंह गुर्जर उपस्थित रहे। वहीं भारत विकास परिषद के प्रांतीय पदाधिकारी, दतिया शाखा के सदस्य एवं अन्य गणमान्य नागरिक भी



मौजूद रहे। इस दौरान आयोजित शाखा कार्यशाला में प्रांत अध्यक्ष, प्रांत महासचिव सहित प्रांतीय दायित्वधारियों ने शाखा संचालन, संगठन विस्तार एवं सेवा कार्यों को लेकर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। इसके बाद नव निर्वाचित अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं विभिन्न कार्यक्रम संयोजकों को दायित्व एवं पद की शपथ दिलाई गई। शासकीय सेवाओं में चयनित प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इनमें विश्वजीत गुप्ता रक्षा गुप्ता सुयश पाठक एवं भारत पांडे प्रमुख रूप से शामिल रहे। आयोजन में उपस्थित जिले के वरिष्ठ पत्रकारों का भी सम्मान किया गया। परिषद सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन संजय यादव ने किया।

# खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण की भावना का प्रतीक है : अग्रवाल

**राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों एवं माताओं का हुआ सम्मान**

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 11 मई।** जिला कुराश संघ द्वारा स्टेडियम ग्राउंड स्थित रुद्र मार्शल आर्ट अकादमी में राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों एवं उनकी माताओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया तथा उनकी माताओं को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप अग्रवाल रहे।

वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में महेश दुबे एवं राजेन्द्र नगरच उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता दतिया जिला कुराश संघ के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने की। कार्यक्रम में जिले के खेल प्रेमी, अभिभावक, खिलाड़ी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

संघ अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण की भावना का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि दतिया के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने खिलाड़ियों की माताओं के योगदान को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि हर सफल खिलाड़ी के पीछे परिवार और विशेष रूप से माँ का त्याग एवं प्रेरणा होती है।

समारोह में भूमि पाल, हासिम खान, चंचल पटवा, कृष्णा यादव, माही साहू, नव्या रजक, लवेश नायक, रुद्र शर्मा, ऋषि राय, निकुंज गुर्जर, अनन्या प्रजापति, प्रतीक्षा दोहरे, इंद्रकांत पाल, आस्था सेन एवं मानवी राजा बुंदेला सहित अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों ने अपने अनुभव साझा किए तथा युवाओं को खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह का उद्देश्य जिले में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना एवं युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करना रहा।अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया।

## मालनपुर के सरकारी स्कूल में हाई-टेक बस बनी कंप्यूटर लैब, बीस दिन की ऑन जॉब ट्रेनिंग शुरू

**मालनपुर, 11 मई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मालनपुर में विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया से जोड़ने की अनूठी पहल शुरू हुई है। एसआरएफ फाऊंडेशन की ओर से संचालित एच पी डब्ल्यू डब्लू बस के माध्यम से बीस दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग प्रोग्राम का किया जा रहा है। आई टी /आई टी ई इस ट्रेड के तहत छात्रों को अत्याधुनिक कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**एच पी डब्लू ओ डब्लू बस है चलती-फिरती कंप्यूटर लैब :** एस आर एफ कंपनी की यह खास बस पूरी तरह डिजिटल क्लासरूम में बदली हुई है। बस में लैपटॉप, इंटरनेट और स्मार्ट बोर्ड की सुविधा उपलब्ध है। एसआरएफ फाऊंडेशन के कंप्यूटर ट्रेनर लालू चौहान एवं विद्यालय की आईटी प्रशिक्षक निधि तोमर के सहयोग से सभी छात्र-छात्राओं को प्रैक्टिकल कंप्यूटर ट्रेनिंग दी जा रही है। बच्चे इंटरनेट सर्चिंग, डिजिटल स्किल्स और व्यावसायिक गुर सीख रहे हैं।

**बीस दिन बाद मिलेगा सर्टिफिकेट :** प्रशिक्षण पूरा करने वाले हर छात्र को एसआरएफ फाउंडेशन की ओर से प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया जाएगा। यह सर्टिफिकेट भविष्य में जॉब और आगे की पढ़ाई में बच्चों के काम आएगा।

**प्राचार्य ने बढ़ाया उत्साह :** कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर प्राचार्य पी एस कुशवाह एवं शिक्षिका दीपा भदौरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्राचार्य कुशवाहा ने कहा, 'ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को ऐसी हाई-टेक ट्रेनिंग मिलना बड़ी बात है। एच पी डब्ल्यू ओ डब्लू बस से बच्चे किताबी ज्ञान के साथ प्रैक्टिकल स्किल भी सीख रहे हैं। यह डिजिटल इंडिया की दिशा में मजबूत कदम है।'

## पीड़ित को न्याय दिलाना समाज और पुलिस दोनों की जिम्मेदारी : डीआईजी

**नवभारत न्यूज**

**सेंवढ़ा, 11 मई।** जब कोई व्यक्ति प्रताड़ित होता है, परेशान होता है या उसे कहीं न्याय नहीं मिलता, तब वह पुलिस की शरण में आता है। ऐसे में पीड़ित को न्याय दिलाना केवल पुलिस ही नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह बात ग्वालियर रेंज के डीआईजी डॉ. असित यादव ने स्वागत एवं सम्मान समारोह के दौरान कही। श्री द्वारकाधीश मंदिर समिति सेंवढ़ा द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम में डीआईजी डॉ. असित यादव का नागरिकों एवं समाजजनों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में बदलाव के बाद समारोह भिंड जिले की सीमा से सटे महारापुरा पुलिया असवार क्षेत्र में आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु एवं युवा साथी उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में डीआईजी डॉ. यादव ने कहा कि पुलिस सदैव अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए हर वर्ग के लोगों की समस्याएं सुनती है। चाहे मामला पारिवारिक हो, सामाजिक हो अथवा आपराधिक, पुलिस कानून के दायरे में रहकर निष्पक्ष कार्रवाई करती है। उन्होंने कहा कि जब किसी व्यक्ति के साथ अन्याय होता है तो उसकी सबसे बड़ी उम्मीद पुलिस व्यवस्था से होती है और पुलिस का दायित्व है कि वह उस भरोसे को कायम रखे।

उन्होंने अपने पुलिस अधीक्षक कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि भिंड जिले में पदस्थ रहते हुए उन्होंने जनता से सीधा संवाद स्थापित किया जिससे कई मामलों में लोगों को त्वरित राहत मिल सकी। उनका कहना था कि पुलिस और जनता के बीच संवाद जितना मजबूत होगा, कानून व्यवस्था उतनी ही बेहतर होगी। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी, मुन्ना यादव बघेड़ी, मलखान यादव, मुकेश यादव एडवोकेट, मुकेश पटेल, लक्ष्मण यादव, महिपाल सिंह यादव, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार यादव ने किया, जबकि आभार समिति अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने किया।


## आम सूचना

श्री राजेन्द्र पाराशर पुत्र श्री ठाकुरदास पाराशर के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम भगवापुरा, प.ह.नं.33, रा.नि.वृत थरेट, तहसील सेंवढ़ा व जिला दतिया (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.202 ग्राम भगवापुरा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1400 वर्गफुट है और चतुर्सीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-सेंवढ़ा-दतिया रोड, पश्चिम में-सम्पत्ति जानकी प्रजापति, उत्तर में भूखण्ड ज्योति प्रजापति एवं दक्षिण में भूमि रामजानकी मंदिर है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री बृजकिशोर, श्री बलराम, श्री मूलचंद पुत्रगण श्री ओछे एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री बृजकिशोर का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत उनके उत्तराधिकारी श्री रामसिंह, श्री हरगोविन्द, श्री रामेश्वर पुत्रगण श्री बृजकिशोर, रामबेटी पुत्री श्री बृजकिशोर, श्रीमती माया देवी पत्नी श्री बृजकिशोर उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्रीमती रामबेटी राजपूत एवं श्री राम सिंह द्वारा सम्पत्ति 0.3200 हैक्टेयर एरिया श्री राजेन्द्र पाराशर पुत्र श्री ठाकुरदास पाराशर को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी22आईजीआर 17192025ए100712001 दिनांक 12.08.2025 से विक्रय की गई। श्री राजेन्द्र पाराशर उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती जयंती प्रजापति पत्नी श्री बृजेश कुमार प्रजापति के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती जयंती प्रजापति द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान टायगर होम फायनेन्स प्रा. लि. दतिया के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को एवं श्री बृजकिशोर के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक- **नीरज जैन**, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर मो. 98276-72710


# पुलक सागर महाराज के 56वें अवतरण दिवस पर मनाया पुलक पर्व

**प्रसिद्ध गायक राहुल भट्ट ने दी गुरु भजनों की शानदार प्रस्तुति**

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 11 मई।** आचार्य श्री पुलक सागर महाराज के 56वें अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में पुलक पर्व के अंतर्गत 'एक शाम गुरुदेव के नाम' भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह का वातावरण बना रहा। भजन गायक राहुल भट्ट ने गुरु भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। जैन समाज के प्रवक्ता ललित जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि मंडप उद्घाटन अनिल शाह एवं पारस जैन के द्वारा किया गया! कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुदेव के चित्र के अनावरण से हुआ, जिसे मुकेश जैन, डॉ. अभिषेक जैन एवं शशि जैन द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलन देवेंद्र कुमार जैन, सरोज जैन, सोहनलाल जैन एवं मनोज जैन ने किया।

कार्यक्रम में जैन महिला जागृति मंच महानगर द्वारा मंगलाचरण नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई, वहीं स्वागत नृत्य पुलक युवा प्रकोष्ठ की महिला टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन पंडित शशिकांत जैन ने किया। इस अवसर पर विशेष रूप से मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, आदित्य सिकरवार, विनय जैन, धर्मेंद्र जैन एवं चेंबर अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान पुलक चेतना मंच के राष्ट्रीय महामंत्री चक्रेश जैन तथा आयोजन समिति पुलक युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. विश्वाकाश जैन, महामंत्री डॉ. अभिषेक जैन, शीतल जैन, मोहित जैन, जीतू जैन एवं अजीत जैन द्वारा किया गया।

**'गुरु नाम, गुरु नाम-बोलो सुबह शाम...'**

भजन गायक राहुल भट्ट ने शानदार भजनों की प्रस्तुति देते हुए 'गुरु नाम गुरु नाम बोलो सुबह शाम' एवं 'गुरु तुम हो ज्ञानी, ज्ञान के दाता' जैसे गुरु भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों की मधुर प्रस्तुति पर उपस्थित श्रद्धालु गुरुभक्ति में झूम उठे।

# टोलटैक्स कर्मियों ने एसपी और कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**दतिया, 11 मई।** दतिया में डगरई टोल टैक्स के कर्मचारियों ने वेतनवृद्धि को लेकर सोमवार को एसपी एसपी मयूर खण्डेलवाल और कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े को सौंपा ज्ञापन। एसपी ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि आपकी समस्याओं को लेकर टोल प्रबंधन से चर्चा की जाएगी।

ज्ञापन के दौरान कर्मचारियों ने बताया कि नियमित अनुसार वेतन में हर वर्ष 12 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की जानी चाहिए। लेकिन हमारी वेतन बढ़ोत्तरी नहीं की जा रही है। सभी कर्मचारियों को नियमित अनुसार बहुत कम वेतन दी जा रही है। समय पर वेतन भी नहीं दी जाती है। टोल टैक्स पर कर्मचारियों से दबंग प्रवृति के



लोग जबरन वाहनों को निकालने को लेकर अभद्र व्यवहार करते हैं। टोल टैक्स पर कर्मचाररियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी नहीं है। टोल प्रबंधन भैरू लाल खंगार से कई बार सभी कर्मचारियों ने वेतन और सुरक्षा संबंधी और अन्य समास्याओं को लेकर चर्चा भी लेकिन सुनवाई नहीं हुई। पुलिस और प्रशासन से गुहार लगाई। ज्ञापन देने वालों में शिवम यादव, राघवेंद्र यादव, अभिनव श्रीवास्तव, लोकेश सैनी, जितेंद्र, अभिषेक, रविन्द्र, संजीव, पुष्पेंद्र, शैलेंद्र, गंगाराम, राहुल, राजा, विकास, अजय, कुलदीप, संजय, आकाश, अभिषेक आदि कर्मचारी मौजूद रहे।